Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 30-08-2005

Participants : Khaire Shri Chandrakant Bhaurao

Title : Need to provide financial assistance for reconstruction of unsafe buildings in Mumbai, Maharashtra.

श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराट्र) : अध्यक्ष महोदय, देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई में रविवार को एक तीन मंजिला इमारत गिर गई ...(व्यवधान) इससे 6 लोगों की मौत हो गई और 20 लोग गम्भीर रूप से घायल हुए हैं। पिछले एक सप्ताह में इस तरह की तीन घटनाएं हुई हैं। अभी तक उनमें 20 से ज्यादा लोगों की मौतें हुई हैं। मुम्बई शहर में जो 20700 पुरानी बिल्डिंग्स हैं, उनका रिपेयर एक बोर्ड के माध्यम से कराने की बात है। ...(व्यवधान) पिछले दिनों मुम्बई में भारी बारिश आने की वजह से बाढ़ आई और उसके कारण ये बिल्डिंगें गिर गईं। वहां की बिल्डिंगें जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं और उनकी संख्या सौ के लगभग है। वहां कभी भी किसी भी समय कोई बिल्डिंग गिर सकती है। बिल्डिंग्स के गिरने से बहुत बड़े हादसे हो रहे हैं। मुम्बई में पिछले दिनों बाढ़ आने से इनकी हालत खराब हो गई। जो बोर्ड स्थापित हुआ है,

* Not Recorded.

उसकी कैपेसिटी 20700 बिल्डिंग को रिपेयर करने और रिडैवलप करने की नहीं है। केन्द्र सरकार महाराट्र सरकार की इस मामले में सहायता करे। इनका रिडैवलपमैंट होना चाहिए। इनके पुनर्निर्माण के लिए केन्द्र सरकार को मदद करनी चाहिए। केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की मदद से यह काम हो सकता है। वहां के पुराने किराएदारों और मकान मालिकों के माध्यम से जो भी डैवलपमैंट्स कराए जा सकते हैं. कराने चाहिए। इसका कायदा बदलना चाहिए। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदयः ज्यादा बोलने से केस ज्यादा स्ट्रॉग नहीं होगा।

श्री चंद्रकांत खैरे : सभी के रहने की अच्छी सुविधा होनी चाहिए। मुम्बई में ट्रांजिट कैम्प इतने नहीं हैं। मैं इस ि वभाग का मंत्री था इसलिए अर्ज करता हूं कि इसमें केन्द्र सरकार के बहुत योगदान की जरूरत है और कायदे-कानून बदलने की जरूरत है।